**उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,**
**पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,**
**लखनऊ – 226010**

**संख्या- 164/08/कम्प्यूटर अनुभाग (बारह)/2025/12-परीक्षा/2024**

लखनऊ : दिनांक : 09 अक्टूबर, 2025

**आवश्यक सूचना**

आयोग के विज्ञापन संख्या-12-परीक्षा/2024, कनिष्ठ सहायक मुख्य परीक्षा (प्रा०अ०प०-2023)/12 के अंतर्गत विभिन्न विभागों के नियंत्रणाधीन कनिष्ठ सहायक के कुल रिक्त 3284 {3105 (सामान्य चयन) + 179 (विशेष चयन)} पदों पर चयन के लिये प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2023 (Preliminary Eligibility Test-2023) के स्कोर में वास्तविक (Absolute) स्कोर अथवा नार्मलाइज्ड (Normalised) स्कोर में शून्य या उससे कम/नकारात्मक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को शार्टलिस्ट न करते हुये, प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2023 (Preliminary Eligibility Test-2023) के नार्मलाइज्ड स्कोर के आधार पर 3284 पदों के सापेक्ष श्रेणीवार 15 गुना (समान कटऑफ अंक प्राप्त करने वाले सभी अभ्यर्थियों को सम्मिलित करते हुये) के अनुसार 132538 अभ्यर्थियों के परिणाम एवं कट-ऑफ अंक को मा० आयोग द्वारा मुख्य परीक्षा हेतु अनुमोदित किया गया है।

प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत विभिन्न विभागों के नियंत्रणाधीन कनिष्ठ सहायक के पदों पर चयन हेतु मुख्य परीक्षा की तिथि की सूचना पृथक से आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी।

उक्त के क्रम में प्रश्नगत विज्ञापन से सम्बन्धित समस्त अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2023 के नार्मलाइज्ड स्कोर के आधार पर चिन्हित अभ्यर्थियों का परिणाम एवं गोपन अनुभाग के पत्र सं0-1029/गोपन/01/08/2025, दिनांक 09.10.2025 द्वारा संसूचित उक्त परिणाम से सम्बन्धित कटऑफ अंक (01 पृष्ठ) यथावत आयोग की वेबसाइट upsssc.gov.in पर अपलोड कर दिया गया है। अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट के होमपेज पर उपलब्ध उक्त परिणाम से सम्बन्धित लिंक पर जाकर वांछित प्रविष्टियां अंकित कर अपना परिणाम देख सकते हैं।

संलग्नक-यथोपरि।

09/10/2025

(अवनीश सक्सेना)
सचिव।

**उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग**
**पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,लखनऊ।**

संख्याः– 1029/गोपन/01/08/2025
लखनऊः दिनांक 09 अक्टूबर, 2025

आयोग के विज्ञापन संख्या–12–परीक्षा/2024, कनिष्ठ सहायक मुख्य परीक्षा (प्रा0अ0प0–2023)/12 के अंतर्गत विभिन्न विभागों के नियंत्रणाधीन कनिष्ठ सहायक के कुल रिक्त 3284 {3105 (सामान्य चयन) + 179 (विशेष चयन)} पदों पर चयन हेतु प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा–2023 (Preliminary Eligibility Test-2023) के नार्मलाइज्ड स्कोर के आधार पर मुख्य परीक्षा के लिये अर्ह पाये गये अभ्यर्थियों का कट ऑफ अंकः–

**<u>लम्बवत आरक्षण</u>**

| क्रमसं0 | श्रेणी | कट–ऑफ अंक |
|---|---|---|
| 1 | अनारक्षित | 28.32 |
| 2 | अनुसूचित जाति | 28.32 |
| 3 | अनुसूचित जनजाति | 20.78 |
| 4 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 28.32 |
| 5 | आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए (EWS) | 28.32 |

**<u>क्षैतिज आरक्षण</u>**

<table>
<tr><th>क्र0सं0</th><th colspan="2">श्रेणी</th><th>कट–ऑफ अंक</th></tr>
<tr><td>1</td><td colspan="2">स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित</td><td>22.32</td></tr>
<tr><td rowspan="11">2</td><td rowspan="11">दिव्यांगजन</td><td>बी0</td><td>04.45</td></tr>
<tr><td>एल0वी0</td><td>19.02</td></tr>
<tr><td>डी0</td><td>01.11</td></tr>
<tr><td>एच0एच0</td><td>08.56</td></tr>
<tr><td>ओ0ए0</td><td>23.66</td></tr>
<tr><td>ओ0एल0</td><td>वांछित संख्या में अभ्यर्थी सम्बंधित मूल श्रेणी में समाहित हैं।</td></tr>
<tr><td>बी0ए0</td><td>01.88</td></tr>
<tr><td>बी0एल0</td><td>16.78</td></tr>
<tr><td>एल0सी0</td><td>06.25</td></tr>
<tr><td>डीडब्ल्यू0</td><td>09.58</td></tr>
<tr><td>ए0ए0वी0</td><td>19.85</td></tr>
<tr><td>3</td><td colspan="2">महिला</td><td>वांछित संख्या में महिला अभ्यर्थी सम्बंधित मूल श्रेणी में समाहित हैं।</td></tr>
<tr><td>4</td><td colspan="2">सैन्य वियोजित/भूतपूर्व सैनिक</td><td>00.34</td></tr>
<tr><td>5</td><td colspan="2">उत्कृष्ट खिलाड़ियों हेतु</td><td>वांछित संख्या में अभ्यर्थी सम्बंधित मूल श्रेणी में समाहित हैं।</td></tr>
</table>

(अवनीश सक्सेना)
सचिव।